दिनांक: 02.10.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज स्वच्छ भारत दिवस कार्यक्रम में साढे नौ हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे।
- देश, आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर याद कर रहा है।
- प्रदेश में विमुक्त, घुमंतू और अर्द्ध घुमंतू परिवारों को आवासीय पट्टे देने का काम आज से शुरू–पहले चरण में बीस हजार से अधिक चयनित परिवारों को दिये जाएंगे पट्टे।
- राज्य सरकार ने राजस्थान मेडिकल काउंसिल द्वारा फर्ज़ी रजिस्ट्रेशन के मामले में जांच समिति का किया गठन।

..........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस 2024 कार्यक्रम में भाग लेंगे। यह कार्यक्रम स्वच्छता के लिए सबसे अहम जन आंदोलनों में से एक – स्वच्छ भारत मिशन के 10 साल पूरे होने के उपलक्ष में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान श्री मोदी स्वच्छता और सफाई से संबंधित 9 हजार 6 सौ करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई परियोजनाओं का शुभारम्भ और शिलान्यास करेंगे। इनमें अमृत और अमृत 2.0 के तहत शहरी जल और गंदे नाले की व्यवस्था को बेहतर करने के उद्देश्य से 6 हजार 8 सौ करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत गंगा बेसिन क्षेत्रों में जल गुणवत्ता और अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार पर केंद्रित 1 हजार पांच सौ 50 करोड़ रुपये से अधिक की 10 परियोजनाएं और गोबरधन योजना के तहत 1 हजार तीन सौ 32 करोड़ रुपये से अधिक की 15 संपीड़ित बायोगैस–सीबीजी संयंत्र परियोजनाएं शामिल हैं। इनमें सांचौर के पथमेड़ा स्थित सीबीजी गैस प्लांट का लोकार्पण भी शामिल है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस प्लांट में रोजाना गोबर से दो टन सीबीजी गैस बनाई जाएगी।

................

..........................

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने लोगों से आज स्वच्छता के लिए एक घंटे का श्रमदान करने का आग्रह किया है। कल नई दिल्ली में स्वच्छ भारत दिवस पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री पाटिल ने कहा कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहयोग से मिशन ने देशभर में स्वचच्छता को बढावा दिया है। उन्होंने कहा कि देशभर में 24 लाख से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं और स्वच्छता ही सेवा अभियान में अब तक 20 करोड़ से अधिक लोगों ने भाग लिया है। इस वर्ष देश भर में 38 लाख से अधिक सफाई मित्र इस अभियान में शामिल हुए हैं।

..........................

देश, आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहा है। देशभर में और विदेश स्थित भारतीय दूतावासों में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नई दिल्ली में बापू की समाधि, राजघाट पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कई केन्द्रीय मंत्रियों और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने राजघाट स्थित महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोगों से सत्य, अहिंसा, प्रेम और पवित्रता के मूल्यों को अपनाने और महात्मा गांधी के सपनों के भारत के विचार को अंगीकार करने के लिए संकल्पित होने का आह्वान किया है। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि सत्य और अहिंसा के प्रबल समर्थक, बापू का जीवन सम्पूर्ण मानवता के लिए एक अनूठा संदेश है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि सत्य, सद्भाव और समानता पर आधारिता बापू का जीवन और आदर्श देशवासियों के लिए हमेशा प्रेरण पुंज बना रहेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गांधी जयंती पर अपने संदेश में कहा कि गांधी जी द्वारा दिये गये सत्य, अहिंसा और करुणा का अमूल्य संदेश आज भी सभी के जीवन का मार्गदर्शन करता है।

प्रदेशभर में महात्मा गांधी की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। बापू की प्रतिमाओं और चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जा रही है। जगह–जगह सर्वधर्म सभाएं रखी गई हैं। इनमें गांधी जी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम और वैष्णव जन तो तैने कहिये की स्वर लहरियां बिखेरी जा रही हैं। कई स्थानों पर निबंध और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। वहीं प्रभात फेरी भी निकाली जा रही हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की भी आज जयंती है। इस अवसर पर उन्हें भी याद किया जा रहा है। प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, कई केन्द्रीय मंत्रियों और लोकसभा में विपक्ष के नेता ने विजयघाट स्थित लाल बहादुर शास्त्री की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। श्री मोदी ने लाल बहादुर शास्त्री को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ने अपना जीवन जवानों, किसानों और देश के आत्मसम्मान के लिए समर्पित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर कहा कि शास्त्री जी का आदर्श जीवन मूल्य और कल्याणकारी विचार हमेशा सभी को राष्ट्र और समाज की सेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

..........................

प्रदेश में विमुक्त, घुमंतू और अर्द्ध घुमंतू परिवारों को आवासीय पट्टे देने का काम आज से किया जाएगा। पहले चरण में 20 हजार 721 चयनित परिवारों को पट्टे दिये जाएंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में इन परिवारों को आवासीय पट्टा देंगे। जिला स्तर पर भी पट्टा वितरण कार्यक्रम रखे गए हैं। राज्य स्तरीय समारोह का सभी जिलों में होने वाले कार्यक्रमों मे सजीव प्रसारण किया जाएगा। मुख्यमंत्री, चयनित 10 जिलों के लाभार्थियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद भी करेंगे। इस दौरान श्री शर्मा स्वच्छता ही सेवा–2024 कार्यक्रम का शुभारंभ भी करेंगे।

..........................

'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार के स्वामित्व वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ कल नई दिल्ली में एक कॉन्क्लेव का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इन उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारियों को प्रदेश में कारोबार बढाने और नए निवेश के लिए आमंत्रित भी किया। राज्य सरकार के प्रतिनिधि मंडल ने पचास से अधिक केन्द्रीय उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारियों को राज्य के व्यापारिक परिदृश्य, निवेश के नए अवसरों और राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रमुख व्यापार अनुकूल बदलावों की जानकारी दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अक्षय ऊर्जा, पैट्रोकैमिकल्स और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं।

..........................

राजस्थान मेडिकल काउंसिल द्वारा फर्जी रजिस्ट्रेशन के मामले में राज्य सरकार ने पांच सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने इस मामले में तत्काल संज्ञान लेते हुए इस समिति का गठन किया। समिति की अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर काउंसिल के रजिस्ट्रार डॉ. राजेश शर्मा को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही, इस पद का अतिरिक्त कार्यभार सवाई मानसिंह अस्पताल के प्रमुख शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ गिरधर गोपाल गोयल को दिया गया है।

..........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको बता रहे हैं, कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए शुरू किये गये कृषि सखी कार्यक्रम के बारे में।

..........................